राज कॉमिक्स

₹10.00

310

राजा और बैंक लुटेरे



राजा और बैंक लुटेरे

चित्रकार : त्रिदेव कॉमिक्स आर्ट | सम्पादक : मनीष चन्द्र गुप्ता | लेखिका : सरिता भारती

© RAJA POCKET BOOKS

नमस्ते अंकल!...मैं कुट्टू बोल रहा हूं। ...उस्ताद ने बेंकी को रेस के लिए तैयार कर रहे हैं।... ठीक है हम अभी आते हैं।
बस बेटे!... बस...
उस्ताद! कुलकर्णी अंकल ने तुरन्त बुलाया है।
कुट्टू जीप निकालो, मैं आता हूं।
फिर दोनों इंस्पेक्टर कुलकर्णी से मिलने चल दिए।
उस्ताद! कुलकर्णी साब ने क्यों बुलाया है?
पता नहीं... कोई बात होगी।
इंस्पेक्टर कुलकर्णी के पास—
आओ राजा! कमिश्नर साहब ने अर्जेण्ट बुलाया है।
बात क्या है?
मुझे नहीं मालूम। परसों तुम्हारे बारे में मेरी उनसे बातें जरूर हुई थीं।
जरूर मेरी चुगली की होगी आपने!

पुलिस कमिश्नर का ऑफिस...
राजा ! इंस्पेक्टर कुलकर्णी ने तुम्हारी बहुत प्रशंसा की है। तुम तो वाकई कमाल के आदमी हो। तुमने आज का अखबार पढ़ा?
नहीं सर! सुबह के वक्त मैं अपने घोड़ों को पढ़ता हूं।
ओह! कमाल का जवाब दिया तुमने! फिर भी...


... यह देखो, सिटी बैंक की चेम्बूर शाखा में १० लाख की डकैती पड़ी है और बैंक वैन ड्राइवर कारीनाथ सर्वटे डाकुओं से मुठभेड़ में मारा गया। ...अखबार वालों ने पुलिस की बहुत छीछालेदर की है।
अखबार वालों ने ठीक ही लिखा है सर! आयकी पुलिस में इन दिनों चुन-चुन कर निकमे लोग भर दिये गये हैं।
तुम्हारी साफ गोई का मैं कायल हूं राजा ! लेकिन हमारी भी कुछ मजबूरी है!...

... हमारी पुलिस अगर अपराधियों को पकड़ती है तो वे किसी न किसी बड़े नेता के अपने आदमी निकल आते हैं!
अरे बर्वे साहब! भई सामन्त हमारी पार्टी का आदमी है। मुख्यमंत्री साहब चाहते हैं कि आप उसे छोड़ दें...
बर्वे! सब इंस्पेक्टर की जो तीन पोस्ट खाली हैं, उनके लिए मैं अपने आदमी भेज रहा हूं!
...या फिर किसी नियुक्ति की सिफारिश.
सर! मुझसे आप क्या चाहते हैं?
राजा ! जैसे भी हो, इन डाकुओं को तुम्हें पकड़ना है!
कमिश्नर के पास से उठ कर वे बैंक की तरफ चल दिए।

बैंक मैनेजर उन्हें स्ट्रांग रूम के पास ले गया।
यह देखिए इंस्पेक्टर कुलकर्णी। यहां से दरवाजा काटा गया था।
लगता है लोहे का यह मजबूत दरवाजा किसी तेज गैस से काटा गया है?
स्ट्रांग रूम के भीतर...
यह वह चौकी है जिस पर वह बक्सा रखा था।
बीस लाख वाला?
हां! वही।
लेकिन यहां तो और भी पैसा है। उन्होंने वह बक्सा ही क्यों उठाया?
वे जल्दी में रहे होंगे।
उस दिन बैंक में कितनी रकम और थी?
यही कोई एक डेढ़ लाख और रहा होगा। उस दिन शुक्रवार था। सनिवार की सुबह...
हां, हां! सनिवार की सुबह क्या हुआ?
यह सिगरेट का टोंटा कैसा है?
सनिवार की सुबह हम हफ्ते भर का जमा पैसा हैड ऑफिस भेजा करते हैं। कमलीनाथ सर्वटे बैंक की वैन से वह पैसा लेकर जाता था। लेकिन इस बार वह पहले ही जाता रहा।
फिर जरूर आपके बैंक में कोई भेदिया है। उसे मालूम रहा होगा कि उस दिन काफी ज्यादा रकम भेजी जानी थी। आपको किसी पर शक है?

मुझे किसी पर शक नहीं है।
मि. खन्ना! यह डकैती शुक्रवार की रात को पड़ी। उस रात सर्वटे यहां क्या कर रहा था? वह तो शनिवार की सुबह वैन लेकर जाता था।
जी हां! लेकिन शुक्रवार की रात को वह वैन में ही सोता था। जिससे गाड़ी को अच्छी तरह से चैक किया जा सके। विशेष रूप से अलार्म...
वैन में कोई अलार्म भी लगा है?
जी हां! आइये आपको दिखाता हूं। भोपाल! स्ट्रांग रूम बन्द कर दो।
यस सर!
ताज्जुब है। वैन में अलार्म होते हुए भी डाकू नहीं पकड़े जा सके।
वैन में-
यह देखिये... यह अलार्म का स्विच है। लेकिन उस रात इसके तार कटे हुए मिले।
रास्ते में खतरा होने पर यह बजाया जाता होगा?
जी!
वैन से बाहर—
यह वह जगह है जहां सर्वटे डाकुओं की गोलियों से घायल होकर गिरा था।
बेचारा सर्वटे...
वैन में यह थर्मस कैसा है?

अंकल! वैन में यह थर्मस मिला है।
थर्मस? यह किसका थर्मस है?
शायद सर्वटे का होगा!
अरे! इसमें तो अभी भी चाय भरी है!
बेचारे को चाय भी नसीब नहीं हुई!
मैनेजर के रूम में—
जिसे आपने स्ट्रांग रूम बन्द करने के लिये कहा था... वह क्या कैशियर है?
जी हां! वह हमारा कैशियर है गोपाल! हमें उस पर पूरा भरोसा है!
ओ.के... मि. खन्ना! हम इस केस को जल्दी से जल्दी सुलझाने की पूरी कोशिश करेंगे!
गुड बाय मि. खन्ना!
नमस्ते अंकल!
थैंक्यू इंस्पेक्टर! मैं बहुत टेंशन में हूं!
पुलिस चौकी पर—
राज! जब तक फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ की रिपोर्ट न आ जाये, तब तक कुछ नहीं किया जा सकता!
पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में क्या लिखा गया है?
सर्वटे को केवल दो गोलियां लगी थीं! एक पेट में और एक छाती में! छाती में लगी गोली से सर्वटे की मृत्यु हुई! रात के दो बजे के करीब...
हूं...! अच्छा सर! अभी तो हम चलते हैं!

सर्वटे के घर में-
जिस दिन यह हत्या हुई उससे एक दिन पहले उनका मोटर मैकेनिक दोस्त शिन्दे उनसे मिलने आया था।
घबराओ मत बहन! सब ठीक हो जायेगा। लो ये कुछ रुपये रख लो। देखो मना मत करना। मैंने तुम्हें बहन कहा है।
चेम्बूर की नवजीवन हाउसिंग सोसायटी में-
क्यों भाई! यहां अशोक शिन्दे नाम का कोई मोटर मैकेनिक रहता है?
हां। उधर बैंक के सामने पहले माले पर।
अशोक शिन्दे का घर कौन सा है?
क्या...?
वह सामने वाला है। क्यों? उसके साथ तो लफड़ा हो गया। अभी उसकी मां और बहन को किडनैप कर लिया किसी ने। वह थाने में गया है रिपोर्ट लिखवाने।
उस्ताद! यह क्या मामला है? दिन-दहाड़े अपहरण?
तुम जल्दी से आओ मेरे साथ। मामला कुछ गड़बड़ है।
कुट्टू! मुझे लगता है कि इस डकैती में शिन्दे का भी हाथ है।
मुझे भी ऐसा ही शक है।
रास्ते में-
कुट्टू! जरा पीछे देखो... लगता है वह हमारा पीछा कर रहे हैं।
हां उस्ताद! पर हमें पुलिस स्टेशन में घुसते देखकर अपने आप भाग जायेंगे।

बेन्नूर पुलिस स्टेशन में
तुम्हारा नाम अशोक शिन्दे है?
शक्ल से तो वह चोर नहीं लगता
हां साब! मेरी बहन और मां को बचा लीजिए। साब वे उन्हें मार डालेंगे।
वे कौन?... तुमसे बीस बार पूछा है। तुम बताते क्यों नहीं? बिना बताये हम उन्हें कहां ढूंढें।
डरो मत! साफ-साफ बताओ!
वे मुझे मार डालेंगे सब! मैं नहीं बता सकता
नहीं बताते तो निकलो यहां से जब वे मिल जायेंगी, तुम्हें खबर कर देंगे।
मैं बरबाद हो जाऊंगा साब! उन्हें बचाइये...वे लोग बड़े जालिम हैं।
मंजरेकर! छोड़ दो इसे।
फिर शिन्दे रोता हुआ वहां से चला गया।
अच्छा मंजरेकर! चलते हैं। कुरुद्द! जल्दी से जीप में बैठो। हमें शिन्दे को अपने साथ से चलना है।
ओ.के. राज!
तभी कार से शिन्दे पर फायरिंग की गयी। लेकिन उसी समय राज की जीप ने बीच में आकर गोलियों की बौछार को रोक लिया।
कुरुद्द बचो...
धड़ तड़
बचाओ!

उस्ताद! गाड़ी का नम्बर एम एम टी 5025 है। हमें पीछा करना चाहिए।
कोई फायदा नहीं कुरट्टा! हमारे लिए शिन्दे जरूरी है।...रुक जाओ शिन्दे।

मुझे छोड़ दो साब! वे मेरी बहन की दुर्गति कर देंगे।
इस तरह जाओगे तो वे तुम्हें जिन्दा नहीं छोड़ेंगे।

तभी इंस्पेक्टर मंजरेकर भी कुछ सिपाहियों के साथ बाहर आ गया।
क्या हुआ?...यह गोलियों की आवाज कैसी थी?
कोई खास बात नहीं मंजरेकर! कुछ बदमाशों ने शिन्दे पर एक कार से गोलियां चला दीं और भाग गये। कार नम्बर एम एम टी 5025, वैसे नम्बर जाली ही होगा।

पर यह बताता क्यों नहीं कि वे कौन लोग हैं? इसे अन्दर ले चलो! मैं इसके हाथ-पैर तोड़ डालूंगा...!
कोई फायदा नहीं मंजरेकर! मैं इसे अपने साथ ले जा रहा हूं।

ले जाओ... घण्टे भर से मेरा तो दिमाग चाट गया।
आओ, चलो शिन्दे! तुम्हारी मां और बहन को हम ढूंढेंगे।

राजा सिन्हे के साथ अपने घर्म हाउस पहुंचा।
घबराओ मत! तुम मुझे बताओ कि तुम्हारे साथ क्या हुआ?
एक रात मैं और कुदरू सड़क पर जा रहे थे, तभी हमारी गाड़ी के आगे आ गई एक लड़की। हमने गाड़ी रोक दी। उसके पीछे चार बदमाश लगे हुए थे। हमने उन चारों को मार भगाया।
उसने अपना नाम पिंकी बताया। फिर वह हमें अपने घर अपने पिता से मिलाने ले गई।

दूसरे दिन वह अपने पिता के साथ हमारे घर में आई। मैंने अपनी मां व बहन से उन्हें मिलवाया। उसने मां को दस हजार रुपए देने चाहे।...
...किन्तु मां ने लेने से इंकार कर दिया।

फिर तुम फंस कैसे गए?
उस दिन के बाद से वे अक्सर मुझसे मिलने लगे और व्यवसाय करने के प्रलोभन देने लगे।

एक दिन मैं राजी हो गया।

उन्होंने मुझे बेईमानी से रुपए कमाने की शिक्षा दी।

यदि सीधे रास्ते से पैसा नहीं कमाया जा सके, तो आदमी को अपना रास्ता बदल देना चाहिए। लो, ये रुपये रख लो। पूरे दस हजार हैं। लेकिन खुलवाने में मैं तुम्हारी पूरी मदद करूंगा।
अच्छा... मेरी कभी भी जरूरत पड़े तो याद करना
मैं आपका आभारी हूं सर!
लेकिन मेरा दुर्भाग्य देखिये राजा भाई! उसी रात को किसी चोर ने मेरा वह पैसा चुरा लिया।
तुमने पुलिस में रिपोर्ट नहीं लिखाई?
नहीं, मेरे पास पुलिस को यह बताने के लिए कुछ भी नहीं था कि यह पैसा मेरे पास कहां से आया।
ओह...!
इसके अलावा मुझे लगा कि पैसा मेरे हैल्पर निक्कू ने चुराया है। क्योंकि वह उसी दिन से लापता है।
मैं घबराकर कपूर साहब के पास पहुंचा। लेकिन, एक शर्त पर उन्होंने मुझे फिर दस हजार रुपये दे दिये।
अरे, वे बड़े दानी निकले। उनकी शर्त क्या थी?

शर्त क्या है साब?
शर्त बड़ी मामूली है तुम्हारा दोस्त सर्वटे जिस वैन पर ड्राइवर है, वह वैन एक दिन के लिए मुझे चाहिए।
लेकिन वह तो बैंक की वैन है साब! उसे सर्वटे किसी को भी नहीं दे सकता।
कोई बात नहीं, फिर तुम किसी तरह उस वैन में लगे अलार्म को एक दिन के वास्ते मेरे पास ले आओ...
मुझे गलत मत समझो अशोक बेटे! दरअसल मैं वैसे अलार्म की एक फैक्ट्री लगाना चाहता हूं। यह एक बहुत ही उम्दा किस्म का जर्मनी का सुरक्षा अलार्म है, जो आम नहीं मिलता।
ओह...! आप देखना चाहते हैं कि वह कैसे बनाया गया है?
एग्जेक्टली... पर यह काम बहुत ही गुप्त रूप से होना चाहिए।
शाबास...
आप बेफिक्र रहें साब! सर्वटे को भी पता नहीं चलने दूंगा।
ओह!...अब कुछ कुछ कहानी मेरी समझ में आ रही है। तुमने किसी तरह डकैती वाली रात को वैन से अलार्म उड़ा दिया! लो सिगरेट पियो
लेकिन मैं बेकसूर हूं! मुझे नहीं मालूम था कि मुझे किसी जाल में फंसाया जा रहा है!
कोई बात नहीं फिलहाल अपनी सुरक्षा के लिए तुम्हें हवालात में रहना होगा!
हवालात में...?
हां!
सिगरेट जलाओ शिन्दे!
अरे! आप भी मेरा ब्राण्ड चार मीनार पीते हैं।

राज शिन्दे को लेकर पुलसकर्मी के पास पहुंच—
आओ राज! तुम ठीक वक्त पर आये। बर्मस पर जो अंगुलियों के निशान मिले हैं, हमारे रिकार्ड में उस तरह का कोई अपराधी नहीं है।
सर! यह अशोक शिन्दे है। बर्मस पर इसकी अंगुलियों के निशान होंगे।
बर्मस!...हां उसने मैं सर्दी के लिए चाय लेकर गया था।

इसके बयान है ले? इसका इस केस से क्या ताल्लुक है?
इसका इस केस से बहुत बड़ा ताल्लुक है। मैं आपको सब बताऊंगा। पर अभी मैं जल्दी में हूं। तब तक यह आपका मेहमान रहेगा।

लिंक रोड पर—
उस्ताद! स्ट्रांग रूम में जो सिगरेट का टोटा मिला है वह शिन्दे का है। वह भी चारमीनार पीता है।
लेकिन इससे यह कहां पता चलता है कि वह भी डकैती में शामिल था? हो सकता है किसी दूसरे ने वह टोटा वहां फेंका हो।
हो सकता है।


कार्टर रोड पर—
यह बंगला मि. कपूर का है?
नहीं! यहां कपूर नाम का कोई नहीं रहता। यह फिल्म एक्ट्रेस माला चौधरी का बंगला है।
इन दिनों वे शूटिंग के लिए नेपाल गई हुई हैं।

रास्ते में—

मुझे ऐसा लगता है कुट्टू, कि फिल्म एक्ट्रेस माया चौधरी का बंगला उसकी गैर हाजिरी में इस्तेमाल हो रहा है।

तुम्हारी बात में वजन है उस्ताद! कपूर नाम का व्यक्ति तो मर्केण्टाइल बैंक में भी कोई नहीं है

राजा और कुट्टू फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के पास पहुंचे।

तब्दुब है, कपूर और पिंकी कहां गायब हो गये?

वे जरूर कुछ दिनों के लिए अंडर-ग्राउंड हो गये हैं।

पी. साल्वे फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट

किले पार्टी के एक शानदार बंगले के ड्राइंग रूम में—

पिंकी डियर! जब कुछ दिन छिपकर यहां रहना ही है, तो चेहरों पर यह मुखौटा चढ़ाकर क्यों रहें?

मैं भी यही सोच रही थी! इस रूप में हम कहीं भी पहचाने जा सकते हैं, अब इसकी जरूरत भी नहीं है।

कपूर अपने चेहरे से मि. कपूर का मास्क उतार देता है।

ओह! साई माई! जवानी में बूढ़े बाप का रोल करना भी कितना थ्रिलिंग होता है!

पिंकी भी अपने चेहरे से मास्क उतारती है—

जॉली डार्लिंग, फिल्मों में काम करते-करते मुझे तो चेहरे बदलने की आदत-सी पड़ गई है। तुम्हारी स्माइल में कुछ भी कर सकती हूं। पर तुम्हें इस बार डैडी कहते हुए कुछ अटपटा-सा लग रहा था।

तुम्हारे प्यार के लिए मारा डार्लिंग!
तुम्हारे प्यार के लिए जेलभी डार्लिंग!
अब तक तो शिन्दे पूरी तरह फंसता चला जा रहा है डार्लिंग! सारे सबूत उसके खिलाफ हैं और वह पकड़ा भी गया है।
पुलिस को इतना बेवकूफ मत समझो जॉनी! तुमने उसकी बहन और मां का अपहरण करके ठीक नहीं किया!
यदि मैं उनका अपहरण न करता तो शिन्दे छूट सकता था! मैं चाहता हूं कि हमारे अमरीका भाग जाने तक वे हमारी हिरासत में रहें!
पर तुमने निक्कू को उनके पास कैद करके ठीक नहीं किया
निक्कू को उड़ाना जरूरी हो गया था डार्लिंग! उस रात जब मैं वे दस हजार रुपये शिन्दे के घर से उड़ाने गया तो उसने मुझे देख लिया था...
आवाज निकाली तो गोली मार दूंगा...
लेकिन इंडियन करेंसी लेकर हम लोग अमरीका कैसे भाग सकते हैं?
डोण्ट वरी डार्लिंग! माइकल हमारा काम कर रहा है। अमरीका पहुंचते ही हमें यह रुपया डॉलर के रूप में मिल जायेगा!
उधर फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ साल्वे के पास—
राज। थर्मस और सिगरेट के टोंटे पर पाये गये निशान अलग-अलग हैं।
लेकिन यह कैसे हो सकता है?
हो क्यों नहीं सकता!

... अभी तुमने कहा था कि हो सकता है किसी दूसरे ने चारमीनार की सिगरेट का टोटा स्ट्रांग-रूम में फेंक दिया हो?
केवल थर्मस पर शिन्दे की उंगलियों के निशान हैं।
हां! कहा तो था।

ठीक है!... थैंक्यू साल्वे साहब! आओ कुरट्टू!
ओ के! विशाखू गुड लक रहना!

रीजनल ट्रांसपोर्ट आफिस, फोर्ट, बम्बई...
यह देखिए, एम एम टी 5025 नम्बर कोलाबा के हारम जी भीम जी की कार का है।
हारम जी भीम जी, कुरट्टू! पता नोट कर लो!


हारम जी भीम जी रेडीमेड गार्मेन्ट्स के एक्सपोर्टर्स...
कहिए! आपकी क्या खिदमत करूं?
सेठ! एम एम टी 5025 नम्बर आपकी कार का है?
जी हां! हमारी गाड़ी का ही है यह नम्बर! क्यों?

आप हमें वह गाड़ी दिखाइये। पुलिस को उसकी तलाश है।
पुलिस..!... लेकिन हम तो कोई गैर कानूनी धन्धा नहीं करते साब! चलिए, देख लीजिए...


अरे! यह तो खाकी रंग की है। रंग भी काफी पुराना लगता है।
जी हां! मैं घर आने जाने के अलावा इसे इस्तेमाल नहीं करता।
इसका मतलब वह नम्बर प्लेट वाली थी।

झोला का एक आदमी प्लेट बेचकर वापस लौटा—
झूठ बोलता है हरामजादे! सच-सच बता पिछले एक सप्ताह में तूने कितनी नम्बर प्लेटें बदली हैं?
मुझे नहीं मालूम साब! खुदा कसम... अब से किसनू गया है मैंने यह धन्धा छोड़ दिया है।
किसनू?... कौन किसनू?
वह अब बिल्ले पार्क में रहता है साब!
चल!... मुझे उसका ठिकाना बता।
किसनू के पास—
हूं!... तो तेरा नाम किसनू है।
हां साब, मेरा नाम किसनू है। क्या लफड़ा है साब?
मेरा नाम राजा है। उस्तादी दिखाई तो एक हाथ भी होश नहीं पायेगा। बत्तीसी टूटकर हाथ में आ जायेगी।
मुझसे क्या गलती हो गई साब?
जल्दी से बोल, एम एम टी 5025 नम्बर की प्लेट किसकी कार पर लगाई थी तूने?
एम एम टी 5025 वो मारुति... है न अलवर रजिस्ट्रेशन वाला। वो मेरे को दो सौ रुपया दिया साब!

चलो! माइकल का घर बताओ!
नहीं साब! अयन उधरिच आयेगा तो मइस्स अयन को गोली मारने को बोला, अयन असद्दू पप्पू और इरफान के साथ छोकरी का पीछा किया, ये भी बोलने को मना किया।
अबे चलता है या नहीं..
वो सामने आलीशान बिल्डिंग है साब!
कौन से माले पर रहता है माइकल?
चौथे माले पर 408 नम्बर फ्लैट है।
ठीक है। चलो!
अब कहां चलूं साब?
उनके पास क्यों साब?
तेरे असद्दू-पप्पू और इरफान के पास!
पुलिस स्टेशन बान्द्रा—
क्यों बेटा! अब समझ में आया किस लिए?
यह क्या लफड़ा है राजा? बैंक डकैती का इन लड़कों से क्या सम्बंध है?
असली मुजरिम कौन है?
तुम मेरे साथ आओ इंस्पेक्टर! सब बताता हूं। इन्हें तो इसलिए बन्द किया है कि कहीं ये असली मुजरिम को भगा न दें।

दूसरी ओर विले-पार्ले के एक बंगले में...
माला डार्लिंग! माइकल ने सब इन्तजाम कर दिया है। तुम अपना सामान लेकर पहुंचो।
मुझे कहां पहुंचना है?
माला सोपारा की हवेली पर...
ओ. के. डार्लिंग! इस रूप में तुम्हें कोई भी नहीं जान पायेगा कि तुम कभी पिंकी भी थी।
चलो जॉनी! जल्दी करो।
यह सब तुम्हारी साजिश है जॉनी!
आधी रात के वक्त एक काले रंग की कार एम एम डी 4020 जानकी बिल्डिंग के बाहर आकर रुकी...
आओ जॉनी। हमें जल्दी यहां से निकलना है।
अब जल्दी क्या है माइकल! पूरी रात पड़ी है...
ये शायद आ रहे हैं कुत्ते!
हां उस्ताद! दिख तो रहा है!
लेकिन यह भी तो हो सकता है कि ये न हों!
माइकल जॉनी को लेकर अपने फ्लैट में पहुंचता है।
लो माइकल! आज की खुशी में दिल खोलकर पियो...
हां!... ताकि तुम मुझे यहीं पर नशे में धुत करके निकल जाओ!
फ्लैट न. 409 के ठीक ऊपर फ्लैट न. 509 में...
तुम्हें मुझ पर हमेशा अविश्वास क्यों रहता है माइकल?
??
मैंने तुम्हारा इस डकैती में पूरा साथ दिया है जॉनी!

उस्ताद! आपने जॉनी के कमरे के फूलदान में माइक्रोफोन छिपाकर कमाल कर दिया
हां! इनकी बातें टेप भी हो रही हैं।
फ्लैट नं. 408 में-
माइकल! जॉनी कलियों का दीवाना है। मुर्झाये हुए फूलों का नहीं।
यह भी कोई पूछने की बात है।
इसका मतलब है तुम माला को अपने साथ नहीं ले जा रहे?
हम तो उस मासूम कली को अपने साथ ले जायेंगे, जो हमारी कैद में है...
तुम्हें चढ़ गई लगती है जॉनी!
उस लड़के को फंसाकर अब तू उसकी बहन के पीछे पड़ गया है। तेरी यह आदत मेरे को अच्छी नहीं लगती जॉनी!
चुप... माइकल! मैंने किसी को नहीं फंसाया। ऐसा हर गरीब आदमी की मजबूरी होता है।
पिछली घटनाएं जॉनी के जहन में उभरने लगीं...
शिन्दे! मैं अब और अधिक इंतजार नहीं कर सकता। मुझे हर हालत में आज वह अलार्म चाहिए। नहीं तो तुम मेरे रुपये वापस करो।
कपूर साहब! आज शुक्रवार है। सर्वेंट आज वैन में रहेगा। मैं आज पूरी कोशिश करूंगा।
कोशिश-वोशिश कुछ नहीं। तुम्हें आज की रात यह काम करना ही होगा। हम तुम्हारे साथ रहेंगे।
जी!... मैं आज चाय पिलाने के बहाने उसके पास जाऊंगा।

तभी होटल पर–
पिंकी! तुम कार में जाकर बैठो और इंजिन चालू रखो।
ठीक है!
लेकिन हमें तो रास्ते में वैन लूटनी है! यहां तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

नहीं माइकल! रास्ते में जगह अच्छा था! अब बैंक ही लूटना है! जैसे ही शिन्दे अलार्म के तार काटे, तुम आगे बढ़ जाना!
ओ.के.!

वैन में–
बार! सर्वटे! शुक्रवार की रात को जब भी तू वैन में सोता है तो मुझे घर पर नींद नहीं आती! ले चाय पी! तेरे वास्ते लाया हूं!
अभी नहीं शिन्दे! चाय पीते ही मुझे नींद आने लगती है!

और सुना! मां जी कैसी हैं? लीला के लिए कोई लड़का वगैरा देखा तूने?
ढूंढ तो रहा हूं! चार पैसे जुड़ जायें तो शादी कर दूं!


अचानक बाहर कुछ खटका हुआ–
कौन है बाहर? ...तू ठहर, मैं देखता हूं
अरे! मेरे बच्चे वगैरा होंगे! रहने दे...!


सबसे पहले मेन से बाहर आकर देखता है...
यहां तो कोई नहीं है।


उधर मेन में शिन्दे जल्दी से चाकू से तार काटता है...

खों... खों... खों... खों...
क्या हुआ? खांस क्यों रहा है? बाहर तो कोई नहीं है।
पता नहीं, क्यों, धसका सा लग गया।


उधर माइकल एक तार की मदद से मेन गेट का लॉक खोल देता है।
शिन्दे ने इशारा कर दिया है, अलार्म कट चुका है, अब मुझे अपना काम करना चाहिए।

बैंक में घुसकर वे धीरे से दरवाजा बन्द कर लेते हैं।
जल्दी करो माइकल!
बस अभी लो...


माइकल गैस बर्नर से स्ट्रांग रूम का दरवाजा काटता है।
शाबास! जल्दी...

यही वह बक्सा है माइकल! गोपाल ने ठीक बताया था। इसे उठा लो और निकल चलो!
तुम निकलो मैं इसे लाता हूं!


अलार्म बजाओ रिन्दे! - डाकू है
ठाँय ठाँय
भाग जा!
ओह, रिन्दे अलार्म बजाओ..

तेजी से भागो माइकल!
डाकू ... पकड़ो ... रिन्दे
ठांय ठांय

क्या हुआ सर्वटे? अरे! तुझे तो गोली लगी है...
आह!... चला जा... भाग जा बोस्वे-बज! तूने अलार्म क्यों नहीं बजाया..?

हे प्रभु! हिच..
हे भगवान! यह मैंने क्या किया?


दूसरे दिन रिन्दे के घर पर-
अगर तूने जरा भी जुबान खोली तो मैं तेरी मां और जवान बहन को जिन्दा जमीन में गाड़ दूंगा।
तुम डाकू हो, तुमने मुझे फंसाया है

फ्लैट नं. 408 में
जॉनी कहा खो गये यार... अब चलो भी देर हो रही है!
हां चलो...उसने मेरी चेतावनी नहीं मानी! मानी होती तो मैं उसे मालामाल कर देता!
अरे! फूलदान में माइक? माइकल! भागो ...जरूर कुछ गड़बड़ है!
यह माइक यहां किसने छिपाया?
जल्दी करो... सोचने का वक्त नहीं है!
फ्लैट नं. 508—
उस्ताद! जल्दी करो वे भाग रहे हैं!
भागकर जायेंगे कहां!
सड़क पर—
हमें दो बजे तक माला सोपारा की हवेली पर पहुंच जाना है। हैलीकॉप्टर तैयार मिलेगा!
और अगर तुम्हारी माला भी वहां पहुंच गई तो..?
मैं उसे गोली मार दूंगा!
कुत्तू! तुम इंस्पेक्टर कुलकर्णी के साथ जाकर एक्ट्रेस माला चौधरी को गिरफ्तार करो, मैं इनके पीछे आ रहा हूं!
ठीक है उस्ताद!

राजा चौधरी अपनी कार में बैठकर नाला सोपारा आने वाली थी लेकिन रात में ही उसे पुलिस ने रोक लिया।
खबरदार हाथ ऊपर करो मैं तुम्हें गिरफ्तार कर रहा हूं
क्या?... मुझे आप किस जुर्म में गिरफ्तार कर रहे हैं? मैं शूटिंग पर आ रही हूं
इतनी रात में!
चलो, उधर बैठो गाड़ी में। मैं तुम्हें सिटी बैंक में डकैती डालने के जुर्म में गिरफ्तार कर रहा हूं।
ओह...!
नाला सोपारा के जंगल में-
हम पहुंच गये प्राइवेट।
तुम हवेली में चलो, मैं हैली-कॉप्टर को देखता हूं।
हवेली में-
हे भगवान! हमें इन दुष्टों से बचाओ!
मां! तुम घबराओ मत।
मेटू! इस कबूतरी को जरा बाहर तो निकाल
अभी निकालता हूं बॉस!
अरे! हत्यारे छोड़ दे उसे.
छोड़ देंगे मेरी कबूतरी! ऐसी जल्दी भी क्या है!
लीला को छोड़ दे कुत्ते!
मां...! बचाओ! छोड़ मुझे...

बचाओ ऽऽ! बचाओ छोड़ मुझे!
और जोर से चिल्ला, तुझे यहां बचाने कोई नहीं आयेगा!
तभी अचानक—
कमीने! मैं तुझे जान से मार डालूंगा!
ओह... उफ...
जॉनी भागता है। राजा टांग अड़ाकर उसे गिराता है।
भागता कहां है हरामजादे!
ओह...!
तेरी तो मैं जान लेकर छोड़ूंगा कुत्ते!
धिशुम ऽऽ
उफ...
लेकिन तभी—
खबरदार! एक कदम भी आगे बढ़ाया तो गोली मार दूंगा!
अपनी खैर चाहता है तो इस खिलौने को फेंक दे जॉनी! इस फौलादी जिस्म से टकराकर तेरी गोली छिटककर दूर जा गिरेगी

खबरदार! हिले तो गोली मार दूंगा। जॉनी! मैं आ गया हूं। यह कौन है?
मेरा नाम राजा है कुत्तो।
कौन राजा! हमसे क्या चाहते हो?

इस लड़की को छोड़ दो। वर्ना मैं तुम्हारी चटनी बना दूंगा।
ये क्या तेरी बहन है?
हैं... हैं... हिलना नहीं...
वर्ना गोली चल जायेगी। चलो, जॉनी हैलीकॉप्टर तैयार है। इन्हें असलम संभाल लेगा।

मैं तुम्हें जिन्दा नहीं छोड़ूंगा।
मोटू इसे कुर्सी से बांध दो।
आओ माइकल।

तभी जॉनी लीला का हाथ पकड़कर खींचता है।
साला...! अपनी हरकत से बाज नहीं आयेगा।
सीधी तरह चली चल... वर्ना...।
वर्ना क्या करेगा तू!... छोड़ मुझे।

दिन का प्रकाश धीरे-धीरे फैलने लगा।
हैलीकॉप्टर में सामान चढ़ा दिया माइकल?
हां! चढ़ा दिया जॉनी! इसे छोड़ दे दुबई में लड़कियों की कमी नहीं है।
नहीं! इसे तो मैं अपने साथ लेकर जाऊंगा।
नहीं!


अचानक—
देखता हूं तू कैसे लेकर जाता है।
उफ्... ओह!
अभी तू बच्चा है माइकल!
ठॉय
ठॉय
बचाओ!ऽऽ
जॉनी की गोली खाकर माइकल ढेर हो गया।

तुझे लिये बिना मैं नहीं जाऊंगा मेरी बुलबुल!
छोड़ मुझे कमीने!
दूसरी ओर राजा कुर्सी गिराकर शीशे के एक टुकड़े से अपनी रस्सी काटता है।
जॉनी लीला को हैलीकॉप्टर में डालकर उड़ चला—
अलविदा मेरे दोस्तो...
ठहर जा बेटे! अभी तुझे अलविदा करता हूं।
मौत के झूले पर झूलता हुआ राजा—

चल बेटा! नीचे उतर इसे, वर्ना उठाकर तुझे ही नीचे फेंक दूंगा।
इसे नीचे फेंक दो भैया।
तड़ाक
उफ..
चलो कूदो नीचे... नहीं तो खोपड़ी उड़ा दूंगा।
इस खिलौने से राजा को डरता है कुत्ते?
नहींऽऽ
ले बेटा! चला गोली।
सटाक्
आह!
नीचे पुलिस की गाड़ियां सारा इलाका घेर लेती हैं।
ओह! वे ऊपर हैं...
उस्ताद से बचकर कहां जायेंगे।
अचानक हैलीकॉप्टर लड़खड़ाता है।
अरे! वह तो गिर रहा है।
नहीं! गिरेगा नहीं अंकल!

थोड़ी देर में हैलीकॉप्टर लौटा होकर नीचे उतरने लगा।
सिपाहियो! इसे नीचे उतरते ही चारों ओर से घेर लो!
हे भगवान! मेरा तो दिल धड़कने लगा था!
हैलीकॉप्टर नीचे उतरते ही-
पकड़ो इसे...!
उस्ताद !!
राजा जॉनी का गिरेबान पकड़कर नीचे उतरा-
जॉनी! मैं तुम्हें हत्या, डकैती और किडनेपिंग के अपराध में गिरफ्तार करता हूं।
जरूर कीजिए।
साला! अब भी नाटक कर रहा है।
चल आगे...
रश्मी मां और मिनटू की आजाद देखकर विमला की आंखों में आंसू आ गये।
कूल्ड्रू! उधर चल यार! अपने से किसी के आंसू नहीं देखे जाते...
हवेली में छिपे जॉनी के साथियों को पुलिस की लारी में ठूंस दिया गया।
सबको अन्दर ठूंस दो!
चलो!

इनका प्लान क्या था?
सर! जॉनी एक शातिर बदमाश और स्मगलर है।
सर! पहले इसने माला चौधरी को अपने प्यार के चक्कर में फंसाया, क्योंकि उसका भाई नोयल सिटी बैंक में कैशियर था।
फिर इसने माला को पिंकी बनाया और उसकी मदद से शिन्दे को फंसाया। क्योंकि इसे पता था कि वैन में एक शक्तिशाली असलहा है जो शिन्दे की मदद से हटाया जा सकता है।
ओह...
और शिन्दे को फंसाने के लिए ही इसने जान-बूझ-कर चारमीनार सिगरेट का एक टोंटा स्ट्रांग रूम में फेंका था।
लेकिन जुर्म तो शिन्दे पर फिर भी बनता है...?
क्यों नहीं सर! वह लालच में आकर ऐसा काम करने के लिए तैयार ही क्यों हुआ?
लेकिन सर! यह तो ह्यूमन वीकनेस है। हमें देखना यह चाहिए कि क्या शिन्दे वास्तव में अपराध करना चाहता था?
तुम ठीक कहते हो राजा! लालच में आदमी नाचाहते हुए भी फंस जाता है। अरे हां! तुम्हारे लिए एक खुशखबरी है। तुम्हें बैंक ने दो लाख रुपये इनाम के दिये हैं और गृह मंत्रालय की ओर से पुलिस का एक मानक पदक भी।
सर! सिटी बैंक के मैनेजर ने सर्वटे की विधवा को उसके पति की पेंशन दिलाने की व्यवस्था कर दी है।
थैंक्यू सर! यह रुपया मैं सर्वटे की विधवा को दे दूंगा।
उस्ताद! मेरी ओर से बधाई...
समाप्त.